## खबर संक्षेप

### भगवान महावीर की प्रभात फ़ेरी निकाली गई

**मैहर।** महावीर जयंती के अवसर पर मैहर जैन समाज के द्वारा दिगंबर जैन परिसर कटरा बाजार मैहर में प्रातः जैन अभिषेक शांति धारा के पश्चात भव्य प्रभात फ़ेरी निकाली गई। प्रभात फ़ेरी मंदिर परिसर से रेलवे स्टेशन चौक होते हुए चंडी माता मंदिर घंटाघर चौक से कैलाश टॉकीज से वापस घंटाघर कटरा बाजार होते हुए दिगंबर जैन मंदिर परिसर में समाप्त हुई। आज ही के दिन भगवान महावीर का जन्म हुआ था। इस दिन को महावीर जयंती जन्मकल्याणक के रूप में मनाया जाता है। दुनिया को अहिंसा की शिक्षा देने वाले भगवान महावीर के सिद्धांतों का आज भी पूरी आत्मीयता के साथ अनुसरण किया जाता है। महावीर जन्म कल्याणक भगवान महावीर जी के जियो और जीने दो,करुणा,सत्य,अहिंसा एवं सादगी के उपदेशों को आत्मसात कर देश की प्रगति में योगदान दें।

### कलेक्टर और एसपी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के दृष्टिगत कलेक्टर अनुराग वर्मा ने पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के साथ शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्र-1 में बनाए गए स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण स्थल तथा मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेडे,नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना, एआरओ तथा संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### शंका समाधान सत्र आज

**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए द्वितीय चरण के निर्वाचन में शामिल होने वाले लोकसभा मुख्यालय के जिले में रिटर्निंग आफीसर,सहायक रिटर्निंग आफीसर और जिला निर्वाचन अधिकारी के लिए मतदान दिवस व्यवस्थाओं पर माइक्रोसाफ्ट टीम के माध्यम से आनलाईन डाउट क्लीयरिंग सेशन आयोजित किया गया है। यह कार्यक्रम 22 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आनलाईन आयोजित किया जायेगा।

### फर्स्ट टाइम वोटर ने इलेक्शन प्रीमियर लीग जीतकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतना संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं को जागरुक करने और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संपूर्ण जिले में मतदाता जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खेल मैदान में इलेक्शन प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का दो दिवसीय आयोजन रविवार को फाइनल मैच के साथ संपन्न हुआ। लीग मैच के फाइनल में फरुट टाइम वोटर की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15ओवर में 118 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी व्हाइट टाइगर की टीम ने महज 102 रन ही बना पाई। इस प्रकार यह मुकाबला फर्स्ट टाइम वोटर की टीम ने 12 रनों से जीत लिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्राफी प्रदान करते हुए सतना संसदीय क्षेत्र के सभी मतदाताओं से 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने का संदेश दिया।

# महंगाई और बेरोजगारी गरीबों की कमर तोड़ रही है, जान ले रही है,कोई खुश नहीं है मोदी खुश हैं : मल्लिकार्जुन खड़गे

**सतना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे ने कहा है कि महंगाई और बेरोजगारी सब गरीबों की कमर तोड़ रही है जान ले रही है कोई खुश नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर कोई खुश है तो वह है मोदी। श्री खड़गे रविवार को यहां बीटीआई ग्राउंड में कांग्रेस के उम्मीदवार सिद्धार्थ कुशवाहा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित कई अन्य बड़े नेता उपस्थित रहे।

### राहुल गांधी को फूड प्वाइजनिंग

आपको बता दे कि रविवार को राहुल गांधी को सतना आना था लेकिन वह नहीं पहुंचे। दोपहर लगभग 2 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे विशेष विमान से सतना पहुंचे और सभा स्थल पर पहुंचते ही उन्होंने राहुल गांधी के नहीं आने पर जनता से माफी मांगी और बताया कि उन्हें फूड प्वाइजनिंग हो गई है। इसलिए उन्होंने मुझसे अनुरोध किया कि आप सतना जाकर मेरा संदेश लोगों को पहुंचा दें।

### सतना मशहूर शहर

मल्लिकार्जुन ने कहा कि सतना मशहूर शहर है हम लोग पचमढ़ी बैठक में यहां से होकर जाया करते थे। उन्होंने बताया कि यहां से बहुत सी चीज सीखने को मिली हैं।

### इंडिया एयरलाइंस को मिलेगा बहुमत

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हाल ही



में जिन 102 जगह पर मतदान हुआ है वहां पर इंडिया एलाइंस को बहुमत मिलेगा। उन्होंने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी मुद्दा है। लोगों की आमदनी नहीं बढ़ी। नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि 10 साल में खुशहाली नहीं ला सके। सबका साथ सबका विकास बाकी सबका सत्यानाश। पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय को याद करते हुए उन्होंने बताया की नेहरू के समय में तरक्की हुई। साइंस टेक्नोलॉजी को बढ़ाया गया। राकेट बनाया,इंदिरा गांधी ने उडाया। उन्होंने कहा कि मोदी जी कहते हैं संविधान नहीं बदलेगा लेकिन मोहन भागवत मेजोरिटी मांग रहे हैं और कह रहे हैं कि नियोक्ति के बाद हम संविधान बदलेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झूठ का सरदार भी कहा। मल्लिकार्जुन ने कहा कि मोदी की गारंटी मोती की छाती लेकिन पार्टी नहीं है। मोदी ने कहा था अगर मैं प्रधानमंत्री बना तो हर एक को 15 लाख देंगे। दो करोड़ नौकरियां हर साल की बात कही थी। झूठ बोलते हैं। कहा था किसानों की आमदनी डबल करने की बात झूठ। हम लोग वायदे निभाते हैं। मनरेगा फूड सिक्योरिटी कांग्रेस की देन है। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज कांग्रेस की देन। गैस सिलेंडर की चर्चा करते ही उन्होंने कहा कि पहले पेट्रोल 70 रुपए था अब 100 डीजल 52 था अब 88 रुपए। कच्चा तेल सस्ता होने के बाद भी डीजल पेट्रोल महंगे हैं। पहले गैस सिलेंडर 414 में मिलता था अब 902 अब हो गया। माता बहनों को मोदी भूल गए।

### मोदी और शाह बेचते हैं अंबानी और अडानी खरीदते हैं

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंबानी और अडानी को पकड़ा है। अच्छे दिन की बात करते हैं झूठ बोलते हैं लोगों को भ्रमित करते हैं। मध्य प्रदेश में कांग्रेस की हुकूमत थी 100 यूनिट बिजली फ्री मिलती थी। उन्होंने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई। मल्लिकार्जुन ने कहा दो आदमी देश को बेचने वाले हैं। दो आदमी लेने वाले हैं। बेचने वाले मोदी शाह और खरीदने वाले अंबानी अडानी।



# उत्साह पूर्वक मनाया भगवान महावीर जी का जन्मकल्याणक



**सतना।** जैन समुदाय के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2550 जन्मकल्याणक श्री श्वेताम्बर जैन संघ ट्रस्ट द्वारा बहुत ही उत्साह से मनाया। परम पूज्य गच्छाधिपति आचार्य श्री विजय अभय देव सुरीश्वर महाराजा एवं परम पूज्य आचार्य मोक्षरत्न सुरीश्वर जी महाराजा आदि साधु-साध्वी भगवंत की पावन निश्रा में आयोजित कार्यक्रम में प्रातः जिनालय जी पूजा अर्चना,श्रावक के घरों में आचार्य श्री के पगला(चरण कदम)। तत्पश्चात प्रभु को चांदी के रथ में विराजमान करके नगर के प्रमुख मार्ग में रथयात्रा निकाली गई। इस रथयात्रा में आचार्य श्री भी सम्मिलित हुए,पुरुष वर्ग एक विशेष रंग और श्वेत रंग के कुर्ता में तो मातृशक्ति रेड और ग्रीन रंग की चुनरी पानेतर साड़ी में शामिल हुईं। जगह जगह आचार्य श्री का पुष्प वर्षा द्वारा स्वागत किया गया नवयुवक रास गरबा करते हुए आचार्य श्री के आगे आगे चल रहे थे। दोपहर 3 बजे दिगंबर जैन समाज द्वारा भगवान की रथयात्रा निकाली गई,जैन मंदिर से निकली रथयात्रा जब गांधी चौक स्थित उपाश्रय में पहुंची तब पार्षद पी के जैन सहित दिगंबर जैन समाज के लोगों ने आचार्य श्री के दर्शन किए और निवेदन किया कि आचार्य श्री रथयात्रा में शामिल हों।आचार्य श्री ने सहर्ष स्वीकृति प्रदान की और आचार्य विजय मोक्षरत्न सुरीश्वर जी और साधु महाराज को रथ यात्रा में शामिल होने का निर्देश दिया। गुरु जी की ऐसी सहजता देख के सभी ने वंदन करते हुए हर्ष व्यक्त किया।

# लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा



**सतना।** अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर,रीजन चेयरपर्सन एवं जोन चेयरपर्सन की संयुक्त आधिकारिक यात्रा 21अप्रैल को प्रातः 11:30 बजे रेलवे स्टेशन के पास स्थित होटल महामाया के सभागार में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233 सी (मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़) के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन शैलेश अग्रवाल(रायगढ़) रहे।उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक लायन पवन मलिक ने बताया कि सत्र 2024-25 के लायंस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (निर्वाचित) लायन सुधीर जैन की विशेष उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रीजन चेयरपर्सन लायन आलोक त्रिपाठी एवं जोन चेयरपर्सन लायन हरिनारायण चौरसिया व अध्यक्षता होस्ट क्लब के अध्यक्ष लायन जसविंदर सिंह भाटिया ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने लायंस के जनक लायन मेलविन जोन्स के छायाचित्र में माल्यार्पण किया,ततपश्चात लायन मंची मलिक ने ध्वज वंदना का वाचन किया। स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक लायन पवन मलिक ने दिया।

**लायंस क्लब के सेवा कार्य सराहनीयः शैलेश**

### प्रस्तुत किया सचिव प्रतिवेदन

सेवा गतिविधियों की विस्तृत जानकारी हेतु सचिव प्रतिवेदन लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स के सचिव लायन शैलेंद्र त्रिपाठी,लायंस क्लब सतना गैलेक्सी की अध्यक्ष लायन आभा चौरसिया,लायंस क्लब सतना सेवा की अध्यक्ष लायन मंची मलिक,लायंस क्लब अमरपाटन की अध्यक्ष लायन राजकुमारी पाण्डेय,लायंस क्लब सेमरिया के सचिव लायन कुमार मनीष ने प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष रिपोर्ट लायन राजेंद्र श्रीवास्तव ने प्रेषित की।

### स्थाई सेवा गतिविधियों की समीक्षा

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शैलेश अग्रवाल ने सभी क्लब द्वारा किए जा रहे स्थाई सेवा गतिविधियों की समीक्षा की। डीप फ्रीजर सेवा,ऑक्सीजन कंसंट्रेटर सेवा,लायंस लंगर सेवा,7 जगह स्थापित शहीद स्मारक,जेल झूला घर,सहित शासकीय विद्यालय महादेवा में वृहद वृक्षारोपण की प्रशंसा की एवं पौधरोपण किया।



### मतदान प्रतिशत बढ़ाने निकाली गई स्कूटर रैली

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयासों के तहत रविवार को सतना शहर में महिलाओं की स्कूटी रैली निकाली गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने सिविल लाइन चौपाटी से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया और स्वयं भी स्कूटी पर सवार होकर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेडे, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना,डीपीओ सौरभ सिंह, सहायक संचालक श्याम किशोर द्विवेदी,एनएसएस की जिला संगठक डॉ क्रांति मिश्रा सहित बड़ी संख्या में छात्राएं तथा महिलाएं उपस्थित रही।

### एकेएस में मेरी संस्कृति मेरा गौरव कार्यक्रम

**सतना।** मेरी संस्कृति मेरा गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत एकेएस के शिक्षा विभाग में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रतिपदा से रामनवमी तक किया गया। शनिवार को विभिन्न प्रकार के व्यंजन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.असलम एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भरत कुमार सोनी,शिवम सोनी रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा स्वास्थ्य एवं पोषण से संदर्भित आवश्यक व्यंजन बनाए गए और प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया। कार्यक्रम में डॉ.असलम द्वारा छात्रों को स्वस्थ और पोषण की विस्तृत जानकारी दी गई।भरत सोनी ने भी अपने विचार व्यक्त कर छात्रों को प्रेरित किया। शिवम सर ने छात्रों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।अंत में डॉ.आर. एस. मिश्रा ने छात्रों को स्वास्थ्य एवं पोषण की जानकारी देते हुए उसे अपने पाठ्यक्रम का और उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ.शिखा त्रिपाठी,सीमा द्विवेदी तथा पूर्णिमा सिंह,नीता सिंह एवं डॉ कल्पना मिश्रा ने बढ़-चढ़कर छात्रों को प्रेरित किया।डॉ.सानंद गौतम,डॉ.भगवान दीन,अमीर हसीब सिद्दीकी ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और छात्रों को उचित मार्गदर्शन प्रदान किया।



# मतदान सामग्री वापसी के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान मतदान पश्चात 26 अप्रैल 2024 को चुनाव सामग्री की वापसी सुनिश्चित कराने एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 में पीठासीन अधिकारी की डायरी और प्रारूप '17-ग भाग-1' के सारणीकरण कार्य के सुचारू संचालन के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी आरके कछवाहा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी श्री कछवाहा की सहायता के लिये सहायक नोडल अधिकारी ऋतुराज मिश्रा प्रबंधक लोक सेवा केन्द्र सतना को नियुक्त किया गया है एवं 7 सहयोगी कर्मचारियों की भी नियुक्ति की गई है। जबकि 10 सहयोगी कर्मचारियों को रिजर्व में रखा गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार नोडल अधिकारी संपूर्ण जानकारी के परीक्षण उपरांत रिटर्निंग आफीसर के माध्यम से हस्ताक्षर युक्त हार्डकॉपी 27अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे के पूर्व उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। विधानसभा क्षेत्र चित्रकूट 61 के लिए सहयोगी कर्मचारी के रूप में नियुक्त किये गये सहायक सांख्यिकी अधिकारी नीलम भलावी,सहायक प्रोग्रामर तहसील मझगवां दीपक शुक्ला और कम्प्यूटर आपरेटर धीरेन्द्र पाठक,विधानसभा क्षेत्र रैगांव 62 के लिए खंड स्तर अन्वेषक जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय बाल कृष्ण मिश्रा,सहायक प्रोग्रामर तहसील रघुराजनगर अरूणेन्द्र प्रताप सिंह तथा कम्प्यूटर आपरेटर तहसील रघुरानगर निखिल सूर्यवंशी,विधानसभा क्षेत्र सतना 63 के लिए खंड स्तर अन्वेषक जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय वर्षा गिरि,सहायक प्रोग्रामर तहसील रघुराजनगर अजय पटेल तथा डाटा इन्ट्री आपरेटर रघुराजनगर इन्द्रजीत सोनी,विधानसभा क्षेत्र नागौद 64 के लिए खंड स्तर अन्वेषक जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय वीरेन्द्र सिंह,सहायक प्रोग्रामर तहसील नागौद संतोष शुक्ला तथा कम्प्यूटर आपरेटर नागौद रामरतन शर्मा,विधानसभा क्षेत्र मैहर 65 के लिए खंड स्तर अन्वेषक जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय रामओंकार सिंह,सहायक प्रोग्रामर मैहर अभिनव श्रीवास्तव,कम्प्यूटर आपरेटर पुष्पराज रवि,विधानसभा क्षेत्र अमरपाटन 66 के लिए खंड स्तर अन्वेषक जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय प्रेमचंद पंकज,सहायक प्रोग्रामर अमरपाटन अरविन्द सिंह,कम्प्यूटर आपरेटर कमल सेन,विधानसभा क्षेत्र रामपुर बघेलान 67 के लिए खंड स्तर अन्वेषक जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय विकास मिश्रा,कम्प्यूटर आपरेटर रामपुर बघेलान पंकज दहायत एवं शुभम कुशवाहा को मतपत्र लेखा 17 ग से मतदान का संकलन करना एवं डाटा प्रविष्टि का दायित्व सौपा गया है। इसी प्रकार रिजर्व में जिला निर्वाचन कार्यालय सतना के सहायक प्रोग्रामर प्रभात सिंह तथा बलवंत सिंह,सहायक प्रोग्रामर रामपुर बाघेलान के रावेन्द्र सिंह,जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग से डाटा इन्ट्री आपरेटर मनीष कुमार पाठक, जिला निर्वाचन कार्यालय सतना के कम्प्यूटर आपरेटर भागवेन्द्र वर्मा,तहसील रघुराजनगर के कम्प्यूटर आपरेटर अवधेश कुमार सेन,तहसील मझगवां के कम्प्यूटर आपरेटर रजनीश साकेत तथा जीतेन्द्र गर्ग,जिला योजना एवं साख्यिकीय कार्यालय के भृत्य जनार्दन सिंह एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के भृत्य शिवधारी को रिजर्व में रखा गया। आदेशित किया गया है कि ड्यूटी में नियुक्त किये गये अधिकारी-कर्मचारी 26 अप्रैल को सायं 6 बजे शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 में अपनी उपस्थिति प्रभारी अधिकारी सांख्यिकी प्रकोष्ठ के समक्ष दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे।

# होटलों, डेयरी व किराना दुकानों से डरता कानून

**अनूपपुर।** खुलेआम पूरी सड़क पर कब्जा करके किराना दुकानों, होटलों व डेयरी में जाकर जांच करने से खाद्य विभाग, जिला प्रशासन कतरा रहे हैं। ऐसा माना जाता है कि खाद्य विभाग के कुछ नौकरशाहों की बदौलत मासिक किश्त लेकर दुकानों में मिलावट का सामान पूरी तरह से डंके की चोट पर बेचा जा रहा है जिसे खाकर लोक बीमार पड़ रहे हैं जिससे कोरोना के अतिरिक्त और भी कई प्रकार की बीमारियों का प्रवेश मानव शरीर में हो रहा है।जिले के अधिकांश किराना दुकानों में बिना आईएओ मार्क या किसी प्राधिकृत शासकीय संस्था के प्रमाणन के ही बिकने वाले अचार, तेल, नमक, स्नैक्स, सरसों तेल व कंकड़युक्त चावल-दाल ने आमजन को किसी तरह पेट भरने पर मजबूर कर रखा है। कुछ किराना दुकानदार इतने शातिर बदमाश हैं कि प्रतिवर्ष तराजू-बाट में मोहर लगवाकर और नगरपालिका के कुछ टैक्स चुकाकर खुलेआम नकली सामान बेचने व ग्राहकों का सपरिवार स्वास्थ्य बिगाड़ने का अधिकार प्राप्त कर लेते हैं किन्तु प्रशासन के द्वारा ऐसे दुकानों पर छापा नहीं मारा जाता, क्योंकि साहबों के एक फोन मात्र से घर पहुँच सेवा देने वाले इन मिलावटखोर बदमाशों का पूरा कुकर्म एक प्रशासनिक लाइसेंस पा जाता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की कुछ डेयरी में थोक दूधवालों से दूध खरीदकर उसमें पकाया हुआ दूध पाउडर व मलाई की भांति झाग देने वाला केमिकल मिलाकर अन्धाधुन्ध लूट की जा रही है जिससे इन डेयरी संचालकों के खासम खास ग्राहक सपरिवार काल के गाल की ओर जाते जा रहे हैं लेकिन यहॉ भी प्रशासनिक महकमा न तो दूध, दही, खोवे और घी की गुणवत्ता पर न तो कभी सवाल करता है न इनकी सैम्पलिंग की जाती है। थोड़ा बहुत ले-देकर पूरी छूट दी जा रही है, वहीं होटलों में समोसे, भजिया, जलेबी आदि एक बार निकालकर काउन्टर में प्रदर्शन के लिए तो रख लिए जाते हैं लेकिन उन पर कोई कव्हर आदि लगाना इन दुकानदारों को रास नहीं आता जिससे उन सामग्रियों पर दिनभर विषैले कीटाणु, बैक्टीरिया व डस्ट-धूल की ऐसी परत जमती जाती है कि खाने वाले का ग्राहक को कई प्रकार की बीमारियों का शिकार होना ही होना है। लिहाजा किराना दुकानों, होटलों और डेयरी में छापेमारी किया जाना अत्यंत आवश्यक है। प्रशासन को उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए उक्त दुकानों में छापेमार कार्यवाही करके मिलावटखोर दुकानदारों और होटल-डेयरी संचालकों को हवालात भेजने की व्यवस्था करनी चाहिए, यह देखे बिना कि कौन किस नेता का भाई है, कौन भतीजा है और कौन खानदानी मुलाजिम है।

**खबर संक्षेप**

## जिला जेल में बंदियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा शनिवार को जिला जेल पन्ना में बंदियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक सहायता शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रीतम शाह ने जेल बंदियों को उच्चतम न्यायालय के विचाराधीन बंदियों को जमानत का लाभ देने संबंधी आदेश और जमानत आदेश उपरांत जमानत प्रस्तुति में आने वाली समस्याओं के निराकरण के बारे में जानकारी दी। साथ ही सौदे के अभिवाक को सरल भाषा में सभी बंदियों को समझाया गया और सहायता के लिए जेल में भेजे जा रहे लीगल एड डिफेंस काउंसिल की टीम से अपने लंबित प्रकरणों की प्रगति के संबंध में चर्चा व समाधान के बारे में अवगत करवाने का भी आह्वान किया। जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते द्वारा प्ली ऑफ बारगेनिंग के प्रावधान व प्रक्रिया, बंदियों के अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता, यूटीआरसी के क्रियान्वयन, पेरोल, समय पूर्व बंदियों की रिहाई इत्यादि कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। चिकित्सक डॉ. शोभित तिवारी, डॉ. प्रदीप कुमार द्विवेदी, डॉ. नीलम पटेल, डॉ. हिमांशु वर्मा, डॉ. डी.पी. प्रजापति सहित मेडिकल स्टॉफ द्वारा महिला-पुरूष बंदियों का चिकित्सकीय परीक्षण कर निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्यों तथा पैरालीगल वॉलेंटियर द्वारा भी बंदियों को विधिक सहायता एवं सलाह प्रदान की गई।

## किरतपुर सरपंच ने दिए कन्याओं के विवाह में उपहार

**पन्ना।** जनपद पंचायत अजयगढ़ की कीरतपुर ग्राम पंचायत में मैं सामूहिक रूप से इस वर्ष होने वाले गांव की कन्याओं के विवाह में उपहार प्रदान किए गए। इस दौरान कीरत पुर सरपंच ने कहा कि हमारा प्रयास है कि जिन कन्याओं का विवाह हो रहा है उन्हें प्रत्येक वर्ष इस तरह का उपहार दिया जाए जिससे गरीब लोगों की मदद हो जाती है अच्छी उपहार से लोगों को खुशी भी होती है उन्होंने कहा कि हम प्रत्येक वर्ष इस तरह उपहार दे रहे हैं और आगे भी कन्याओं के विवाह में उपहार देते रहेंगे। कन्याओं के परिजनों और उनको फ्रिज,कूलर, अलमारी जैसे उपहार प्रदान किए गए।

### मध्यप्रदेश में सभी 29 सीटों पर भाजपा विजयी का कर रही दावा

# विपक्ष नदारत बिना उत्साह लोकसभा का चुनाव मुद्दे गायब

**पन्ना।** जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर पहली बार हालात देखने में आ रहे है कि जैसे एक ही दल का चुनाव चल रहा हो सिर्फ व सिर्फ भाजपा के वैनर व झण्डे नजर आते है। प्रमुख विपक्षी पार्टी चुनाव के समय लड़ने में ही सामने नहीं समर्थन का दावा भले ही किसी और को आखिर इन हालातों में विपक्ष नदारत होना स्पष्टतौर पर सामने है।



वहीं प्रदेशाध्यक्ष भाजपा बी.डी. शर्मा जो स्वयं खजुराहो लोकसभा से प्रत्याशी है। विगत दिवस जहां आपने मध्यप्रदेश की जनता का अनुमान लगाते हुए सभी के सभी प्रदेश की 29 सीटों में जीत का दावा किया जा रहा है। सबसे बड़े मजे की बात तो यह है कि इस चुनाव में आम जनता को कोई लेना देना नहीं। वोट डालना एक औपचारिकता बनती नजर आ रही है। क्योंकि चुनाव में अब टक्कर ही किससे किसको वोट देना है यहां तो भाजपा के प्रत्याशी व कार्यकर्ता तथा झण्डे वैनर ही मात्र चुनाव के समय नजर आ रहे। कांग्रेस पहले से ही इस सीट का समर्थन सपा को दे चुकी सपा ने भी किसी अन्य की तरफ अपना समर्थन देने का दावा कर दिया। इन परिस्थितियों के चलते आम आदमी किसको वोट दे उसे खुद ही पता नहीं हालात चुनाव के अजीबो गरीब पहली बार लोकसभा का चुनाव विपक्ष नदारत बिना उत्साह का नजर आ रहा है। भाजपा के प्रमुख नेता भले ही 400 पार का लक्ष्य के साथ दावा कर रहे है। पर जिस तरह के हालात है चुनाव में उत्साह आखिर क्यों नहीं। क्या आम जनता इस तरह के चुनाव को लेकर अपने आप से दूरी बनाना चाहती है। जिस तरह से राजनैतिक पार्टियां जो विपक्ष को लेकर भाजपा से टकराने के लिए दम्भ भरती थी वही नदारत है। आखिर फिर यह कैसा चुनाव इतना ही नहीं विपक्ष की प्रमुख पार्टी कांग्रेस जिसके अधिकत्तर नेताओं ने भाजपा का दामन इस चुनाव के समय थाम लिया है। यानि की अब सिंद्धांत व विचार कोसो दूर सत्ता की राह के साथ नेताओं की राह तभी तो कांग्रेस की नेता भाजपा में शामिल होकर सत्ता के साथ अपनी आगे की दिशा तय कर रहे है। वहीं भाजपा के अंदर अब कांग्रेस व भाजपा कैसे समाहित रहेगी। यह एक अलग बात है क्योकि जो एक दूसरे से स्वयं ही जमीन पर अलग अलग अंदाज में जाने जाते थे सभी भगवा में हो गये। यह चुनाव कुछ अलग ही अंदाज को लेकर नजर आ रहा है। भले ही विपक्ष नदारत है क्योंकि विपक्ष के लोग ही सत्ता पक्ष के अंदर पार्टी में प्रवेश कर रहे है। फिर यह चुनाव कैसा और किससे चुनाव एक तरफ कांग्रेस प्रमुख विपक्षी दल हुआ करती थी जिससे इस सीट पर सपा को समर्थन दिया सपा के प्रत्याशी जो लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हस्ताक्षर करना भूल गये आखिर कैसा चुनाव था। लड़ना भी हो गया और लड़ने से बचना भी हो गया। यहां अब आम जनता किसको वोट करे तो विपक्षी दलों ने अब किसी और को समर्थन देने की बात कर दी आखिर जनता को इन विपक्ष की पार्टियों को लेकर कैसे भरोसा बना रहेगा। पांच साल बाद क्या होंगे हालात वहीं चुनाव औपचारिकता एक ही दल के वैनर झण्डे, कार्यकर्ता, नेता, कार्यक्रम सभायें नजर आ रही है। वहीं विपक्षी दल गायब आम जनता के सामने पहली बार ऐसा चुनाव नाम का चुनाव औपचारिकता का चुनाव बिना लड़े ही विजयी का दावा मध्यप्रदेश में खजुराहो लोकसभा के हालात जनचर्चा में ऐसा चुनाव पहीली बार।

# भगवान महावीर जी की नगर में निकाली गई शोभायात्रा



**देवेन्द्रनगर।** जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक महामहोत्सव के अवसर पर नगर में भव्य रथयात्रा निकाली गई जिसमें जैन समाज के सभी सदस्यों ने हिस्सा लिया। प्रातः काल जैन मंदिर में सामूहिक अभिषेक शांतिधारा पूजन का अनुष्ठान प्रतिष्ठाचार्य पंडित संकेत जैन (विवेक) के निर्देशन में संपन्न हुआ तत्पश्चात भगवान की मंगल भक्ति भजन आदि गाकर स्तुति की गई।मध्यान्ह में सभी जैन धर्मावलंबी जनों द्वारा भव्य रथयात्रा निकाली गई जिसमें चांदी के विशाल रथ में भगवान श्री महावीर स्वामी के विम्ब को विराजमान किया गया तथा जगह जगह रंगोली सजाई गई एवं भगवान की आरती वंदना की गई। शोभायात्रा में शामिल सभी जैन समाज के पुरुष सफेद कुर्ता पजामा तथा महिलाएं केसरिया साड़ी एवं बच्चियां सफेद वस्त्रों वाद्ययंत्रों की ध्वनि में झूमते थिरकते नजर आये। रात्रि में सुंदर पालना झुलाया गया।इस अवसर पर जैन समाज अध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप जैन, उपाध्यक्ष रवि जैन,तथा कोषाध्यक्ष मनीष जैन,सतीष जैन, मंत्री पंकज,दीपू जैन इंद्रचंद जैन बट्टू, मुनि व्यवस्था समिति प्रमुख रबींद्र जैन बब्लू जैन प्रशांत जैन अतुल जैन सहित समस्त कमेटी ने सभी का आभार व्यक्त किया।ज्ञात हो कि जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी ने संपूर्ण विश्व को अहिंसा करूणा और दया का संदेश दिया आज भी जैन धर्मावलंबी जनों में भगवान महावीर स्वामी के प्रति अनन्य आस्था और श्रद्धा से यह उत्सव मनाया जाता है।

# पन्ना पुलिस द्वारा घटना के 24 घंटे के अन्दर बालात्कार के आरोपी को भेजा गया जेल

**पन्ना।** थाना धर्मपुर क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 19/04/24 को फरियादिया द्वारा महिला थाना पन्ना में रिपोर्ट की गई कि मेरी नाबालिग बेटी मेरे देवर के बच्चे के जन्मदिन के अवसर पर देवर के घर गई थी। जहाँ पर मेरे देवर द्वारा मेरी नालाबिग लडकी के साथ बालात्कार किया गया है। फरियादिया की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध महिला थाना पन्ना में धारा 376 ए बी, 376(2)(च) ताहि. 5(ड),5(छ), 6 पाक्सो एक्ट का अपराध कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। घटनास्थल धरमपुर थाना क्षेत्र का होने के कारण मामले में पुलिस द्वारा अपराध की असल नम्बर पर कायमी थाना धरमपुर में लेख की गई। थाना प्रभारी धरमपुर उपनिरी रवि सिंह जादौन द्वारा तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधिकारियो को घटना के संबंध में जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा मामले को गंभीरती से लिया गया। मामले में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व एसडीओपी अजयगढ़ राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी धरमपुर उनि रवि सिंह जादौन के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु लगातार संभावित स्थानो पर तलाश की गई। मामले में पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया जाकर आरोपी के संबंध में जानकारी एकत्रित करने का प्रयास किया गया। जिसके फलस्वरूप दिनांक 20/4/2024 को मुखबिर द्वारा थाना प्रभारी धरमपुर उनि रवि सिंह जादौन को सूचना दी गई कि उक्त अपराध का आरोपी छतैनी मोड के पास खडा है जो कहीं भागने की फिराक में है। मुखबिर सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी धरमपुर द्वारा पुलिस टीम को साथ लेकर मुखविर के बताये स्थान पर पहुँचकर देखा गया जो एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम द्वारा तत्काल घेराबन्दी कर उक्त व्यक्ति को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई । पूँछताछ पर उक्त व्यक्ति द्वारा अपना नाम पता पुलिस टीम को बताया गया। पुलिस टीम द्वारा घटना के संबंध में कड़ाई से पूँछताछ किये जाने पर आरोपी द्वारा घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया। मामले में पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।




### सराहनीय योगदान -

उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी धरमपुर उपनिरी रवि सिंह जादौन , कार्यवाहक उपनिरी एम एल कोल, प्रआर. अरुण सिंह, अशोक प्रजापति, आर. अजय पटेल , जीतेन्द्र मिश्रा, प्रभुदयाल, निश्चल सिंह, अखिल शुक्ला एवं महिला आर. सविता अहिरवार का सराहनीय योगदान रहा है । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है ।

## महावीर जयंती के अवसर पर जैन समाज द्वारा नगर में निकाली गई विशाल शोभा यात्रा

**पवई।** संपूर्ण देश में महावीर जयंती का पर्व बड़े ही हर्ष उल्लास व धूमधाम से मनाया जा रहा है इसी को लेकर जैन समाज पवई द्वारा धूमधाम से महावीर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर रविवार की सुबह से ही जैन समाज द्वारा मंदिर पहुच कर पूजा अर्चना की गई साथ ही जैन मंदिर से नगर के मुख्य मार्गो से विशाल शोभायात्रा निकाली गई।
इसमें शामिल श्रद्धालुओं को फल, पेयजल व अन्य



खाद्य पदार्थ का वितरण किया गया। शोभायात्रा जैन मंदिर से निकलकर करही चौराहा ,मिलोनीगंज बसस्टैंड अजयमेडिकल गांधी चोक से होते हुए मंदिर में पहुंचकर समापन किया गया। शोभायात्रा में आगे-आगे पुरुष श्रद्धालु हाथ में झंडा लिए तथा बीच में बच्चों की झांकियां और पीछे महिलाएं चलती रहीं। शोभायात्रा से शहर का वातावरण आस्थामय हो गया इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में जैन समुदाय के लोग स्थानीय निवासी सामिल रहे।

## होर्डिंग के जरिए मतदान के लिए कर रहे प्रेरित

पन्ना। लोकसभा निर्वाचन 2024 में खजुराहो संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। मतदान प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित मतदान केन्द्रों में होगा। प्रत्येक मतदाता को मताधिकार के उपयोग के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा पन्ना शहर में शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों, चौराहे, पार्क व मुख्य मार्गों के किनारे इत्यादि स्थानों पर मतदान दिवस की सूचना से संबंधित होर्डिंग लगवाए गए हैं। इसी तरह सभी विकासखण्डों में भी मतदाताओं को मतदान के लिए होर्डिंग के माध्यम से प्रेरित किया जा रहा है।

# पंचायत चुनाव आया तो गड्ढे खुदे, विधानसभा का चुनाव आया तो दिवारें बन गई, लोकसभा का चुनाव आते ही छत डल गई



## अतिक्रमणकारियों के लिए सुनहरा समय, आचार संहिता के समय तालाब में अतिक्रमण

**बेसकीमती जमीन पवई सलेहा मार्ग के मध्य पटना तमोली गांव में सड़क किनारे तालाब की जमीन पर अतिक्रमण का नायाब तारीका पंचायत चुनाव के समय गड्ढे खुदे, विधानसभा चुनाव के समय दिवाल लेबिल तक, लोकसभा चुनाव के समय अब छत डल गई। यह आचार संहिता के समय अतिक्रमणकारियों ने वेश कीमती जमीन तालाब पर अतिक्रमण कर बनाये आशियानें। जिम्मेदार अधिकारी चुनाव में अपनी व्यस्तता कर रहे जाहिर शासकीय जमीन में अतिक्रमण जारी। आखिर कानून पर भरोसा कैसे।**

**पन्ना।** जिले में किस तरह से कानून का राज माना जाये कुछ कह पाना कठिन है। कहने को तो आचार संहिता के समय अधिकारी ही अपने आप में ताकत वर माने जाते है। सफेद पोस धारियों का दबदबा कम हो जाता है। पर जिले में अजीबो गरीब दास्ता है। यहां चुनाव आचार संहिता के समय अतिक्रमणकारी वेश कीमती जमीनों पर अतिक्रमण करने का प्लान के साथ सपना पूरा करते है। ऐसी ही दास्ता जिले की गुनौर तहसील अंतर्गत पवई से सलेहा मार्ग के मध्य पटना तमोली ग्राम पंचायत आती है। जहां तालाब सड़क किनारे है वेश कीमती जमीन है जिस पर अतिकणकारियों ने पंचायत चुनाव के समय आचार संहिता का लाभ उठाया गड्ढे खोदे वहीं विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के दौरान कालम बनाकर दिवाले खड़ी कर ली। लोकसभा का चुनाव आते ही इस आचार संहिता में छत डाल ली। ये है अतिक्रमणकारियों का सपना शासकीय जमीन पर कब्जा करके अपने आशियाने बनाने को लेकर जो आज पटल पर साबित है। यह है अतिक्रमणकारियों के ऊपर चुनावी आचार संहिता के समय जिम्मेदार शासकीय अधिकारियों की मेहरबानी। जो पंचायत से लेकर जिला स्तर तक अपने आप में चुनाव व्यवस्थता की चादर ओढ़कर अतिक्रमणकारियों पर मेहरबान है। तभी तो वेश कीमती शासकीय जमीन तालाब की खत्म करके आशियाने बनाये जा रहे है। आखिर सदियों पुराने तालाब की जमीन आज आशियाने के रूप में तब्दील होती जा रही। सार्वजनिक तालाब में पशुओं तथा पक्षियों आदि के लिए तो पानी उपलब्ध रहता ही है उनके लिए भी नसीब नहीं होगा। वहीं जब आम आदमी स्वयं के हित को प्राथमिकता देता है तो सार्वजनिक हित की बली चढ़ जाती है यह दास्ता जिले की गुनौर तहसील पटना तमोली ग्राम पंचायत में है। इतना ही नहीं अगर इस जमीन को लेकर जांच पड़ताल की जाये तो क्रमबद्ध तरीके से लोगों ने अतिक्रमण किया है। भले ही स्थगन आदेश जारी हुए पर सायद वह स्थगन आदेश उन्हें मदद को लेकर राह तय कर रहे हों। पुलिस स्थगन आदेश से अनभिज्ञता जताती है या अंजान बनी रहती है। आखिर कानून का राज कैसे आम आदमी का उठता विश्वास कानून के प्रति जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली के चलते तालाब की जमीन पर अतिक्रमण गायब होता तालाब अतिक्रमणकारियों के हांसले बुलंद सड़क किनारे वेश कीमती जमीन पर ताकतवर लोग जमीन हथियाने में लगे तभी तो आशियाने बन जाते है। और जिम्मेदार अधिकारी इन पर मेहरबान रहते है।

### इनका कहना है-

इस संबंध में कलेक्टर पन्ना से बात की गई तो आपका कहना है कि निश्चितौर पर तालाब की जमीन का आंकलन कराया जायेगा जिन लोगों ने अतिक्रमण किया है अतिक्रमणकारियों से जमीन मुक्त कराई जायेगी।
**सुरेश कुमार, कलेक्टर पन्ना**

-इस संबंध में एसडीओपी गुनौर से बात की गई तो आपका कहना है कि मैं थाना प्रभारी से संबंधित मामले जानकारी लेकर भी कुछ कह पाउंगा।
**पियूष मिश्रा, एसडीओपी गुनौर**





## 22 वर्षों से चल रही, मां शीतला माता के दो दिवसीय अखंड कीर्तन का हुआ समापन



**पन्ना।** जिला मुख्यालय के कुंजवन में 22 वर्ष पूर्व स्थानीय ग्राम वासियों द्वारा माता शीतला माता मंदिर में 48 घंटे की अखंड नाम संकीर्तन का आयोजन का सुभारंभ किया गया था।इसी कड़ी में विगत दो दिवसीय अखंड नाम संकीर्तन का आयोजन स्थानीय लोगों द्वारा किया गया। जिसका भव्य समापन गत दिनांक 20 अप्रैल 2024 को किया गया। 48 घंटे की अखंड नाम संकीर्तन के समापन पर बांग्ला भाषा में संकीर्तन करने वाले जिन गायकों को आमंत्रित किया गया ऊनके द्वारा रात्रि में भजन कीर्तन से लोगों का दिल जीत लिया गया है।संकीर्तन के समापन अवसर पर स्थानीय ग्राम वासियों द्वारा विशाल भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के दर्जनों गांव से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और उन्होंने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय ग्राम वासियों का बहुत बड़ा योगदान रहा है ।कार्यक्रम के संबंध में जानकारी अनिमेष चंद, अधिवक्ता सुभाष विश्वास, सुजीत अधिकारी, मोरू साह, तपन सरकार, सपन मंडल, विमल मंडल , राकेश मिस्त्री, राजेश मिस्त्री द्वारा दी गई है।

## खबर संक्षेप

### 26 की जगह 27 अप्रैल को नेत्र शिविर

छतरपुर। नगर के प्रसिद्ध एवं प्राचीन हनुमान टोरिया मंदिर पर एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन स्व नाथूराम एवं माताजी स्व रामकली असाटी की स्मृति में उनके पुत्र हरि असाटी, नाती सुशील असाटी, सुनील असाटी, राकेश असाटी, रामजी साईं ओम (असाटी अनाज भंडार) के सहयोग से चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए आने वाली 26 अप्रैल की जगह 27 अप्रैल को किया जा रहा है ।समिति के गिरजा पाटकर ने बताया कि यह शिविर सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के सयोजन में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के द्वारा नेत्र रोग से पीड़ित मरीजों का इलाज किया जाएगा एवं उन्हें चश्मा और दवा भी वितरित की जाएगी तथा परीक्षण के उपरांत मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को चिन्हित कर ऑपरेशन हेतु चित्रकूट भेजा जाएगा। हनुमान टोरिया सेवा समिति ने इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर लाभ लेंने का आग्रह किया है।

### रक्तदान कर जियो और जीने दो का दिया संदेश



छतरपुर। रविवार को जैन समाज के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती के अवसर पर एक नौजवान ने रक्तदान किया। जैन धर्म जियो और जीने दो का संदेश देता है। रक्तदान से जीवनदान मिलता है इसलिए युवक के रक्तदान से जियो और जीने दो का संदेश स्पष्ट हो रहा है। रक्तबीर सेवा दल के अमित जैन ने बताया कि बैंक अधिकारी अनुज जैन ने अपने रेयर ब्लड ग्रुप का रक्तदान कर जिला अस्पताल में भर्ती बिजावर निवासी पुष्पा देवी एवं उनके नवजात की जान बचाई है। महावीर जयंती के पावन अवसर पर जियो और जीने दो के संदेश को प्रसारित करते हुए बैंक अधिकारी श्री जैन ने रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है की महावीर स्वामी की जयंती पर किसी की जान बचाने के लिए उसका खून का कतरा काम में आ गया है।

## आचार्यश्री ने प्रवचन में महावीर के बताए रास्ते पर चलने का दिया संदेश



# महावीर जयंती पर मुनिसंघ के सानिध्य में निकली श्रीजी की भव्य शोभायात्रा

छतरपुर ।जैन धर्मावलंबियों के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2623वाँ जन्म कल्याणक महोत्सव रविवार 21 अप्रेल को नगर में विराजमान पूज्य आचार्यश्री विशद सागर जी महाराज, मुनिश्री विशाल सागर जी, मुनिश्री विशुभ सागर जी एवं मुनिश्री विभोर सागर जी के ससंघ सानिध्य में विविध कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर जैन समाज द्वारा नगर में श्रीजी की एक भव्य एवं गरिमापूर्ण शोभायात्रा निकाली गई, जो देखते ही बनती थी। जैन समाज के डा.सुमति प्रकाश जैन के अनुसार महावीर जन्म कल्याणक पर जैन मंदिरों में सुबह श्रीजी का मंगल अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन पूरी धार्मिक प्रभावना के साथ हुआ। तत्पश्चात श्रीजी की एक भव्य एवं गरिमामयी शोभायात्रा प्रातः साढ़े 7 बजे श्री नेमिनाथ जिनालय से मुनिसंघ के सानिध्य में प्रारंभ हुई। चांदी के भव्य तथा मोहक रथ पर विराजमान श्रीजी के रथ को श्रद्धालुजन बड़े भक्तिभाव से खींचते, भजन गाते तथा जयकारे लगाते चल रहे थे।

श्रीजी की यह शोभायात्रा कोतवाली, महल तिराहा, छत्रसाल चौक से होती हुई मेलाग्राउंड स्थित श्रीअजितनाथ जिनालय पहुंची। मेलाग्राउंड पर स्थित कीर्ति स्तंभ पर अजित गगन जैन लवकुशनगर वाले परिवार की ओर से जिन ध्वजारोहण किया गया। श्री अजितनाथ जिनालय में आचार्यश्री विशद सागर जी ने जनसमूह के बीच दिए प्रवचन में भगवान महावीर के विराट जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके नामों वीर,अतिवीर, महावीर पडने के प्रसंग को समझाया।श्रद्धालुओं द्वारा अजितनाथ भगवान के दर्शन करने के बाद यह शोभायात्रा छत्रसाल चौक से आकाशवाणी तिराहा, बस स्टेंड, चौक बाजार होते हुए श्री नेमिनाथ जिनालय पहुंच कर संपन्न हुई। शोभायात्रा में युवाजन व पुरुष सफेद कुर्ते, पैजामे, रंग विरंगी पगड़ी एवं महिलाएं गुलाबी, पीली, केसरिया साड़ी में सम्मिलित हुई, जो भगवान महावीर के संदेशों का शंखनाद करते, जयकारे लगाते तथा भजन गाते चल रहे थे। महिलाओं, युवतियों तथा युवकों के दल मधुर भजनों एवं वाद्ययंत्रों की धुन पर प्रभु भक्ति में चंवर झलते,थिरकते चल रहे थे। शोभायात्रा में सखी महिला परिषद एवं अन्य महिला समितियों की सदस्यों ने आकर्षक वेशभूषा में भक्तिगीतों पर मोहक डांडिया नृत्य के मध्यम से प्रभु भक्ति की। शोभायात्रा का नगर के जैन परिवारों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी जगह जगह स्वागत किया। इस अवसर पर जिला अस्पताल में मरीजों को फल भेंट कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक चालक समेत दो बच्चों की दर्दनाक मौत, पत्नी घायल

**बड़ामलहरा। बगाज माता के दर्शन कर परिवार समेत घर वापस जा रहे चार सदस्यों में से साठिया घाटी के नजदीक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से तीन की दर्दनाक मौत हो गई जबकि पत्नी घायल बताई गई है।**



जानकारी के मुताबिक दमोह जिले के रजपुरा पुलिस थाना इलाकाई नारायणपुरा गांव निवासी 34 वर्षीय दशरथ अहिरवार सागर जिले में स्थित बगाज माता के दर्शन करने परिवार सहित गया हुआ था। वहां से वापिस लौटते वक्त साठिया घाटी के नजदीक बड़ामलहरा पुलिस थाना इलाके में स्थित सिद्धबाबा मंदिर के नजदीक छतरपुर की ओर से सागर की तरफ जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक डीएन 01,एमबी 1099 ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे पूरा परिवार सड़क हादसे में हताहत हो गया। टक्कर में बाइक चालक दशरथ अहिरवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसके 7 वर्षीय पुत्र आयुष अहिरवार एवं 5 वर्षीय पुत्री अंशिका अहिरवार की सिविल अस्पताल में मौत हो गई। हादसे में दशरथ अहिरवार की 32 वर्षीय पत्नी दिव्या अहिरवार घायल हो गई जिसका सिविल अस्पताल बड़ामलहरा में इलाज चल रहा है। घटना शनिवार अपरान्ह कोई पौने चार बजे की बताई गई है। नारायणपुरा गांव के निवासी कलू अहिरवार की सूचना पर बड़ामलहरा पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक को जप्त कर लिया है जबकि घटना के बाद से ट्रक का ड्राइवर और क्लीनर फरार हैं।

# जागरूकता का असर 477 प्रवासी मतदाता दिल्ली से वोट डालने लौटे



छतरपुर। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के निर्देशन में जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं शतप्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने लगातार स्वीप गतिविधियों का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। एक ओर मतदाता जागरूकता रथ गांव गांव जाकर मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं, तो वहीं ग्रामों में जागरूकता रैली, मेहंदी प्रतियोगिता, दीवार लेखन, शपथ, पैम्फलेट का वितरण आदि गतिविधि की जा रही है। साथ ही प्रवासी मतदाताओं को जिला स्तर पर कंट्रोल रूम के माध्यम से संपर्क कर वापस आकर मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जो सार्थक दिख रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल श्रीमती तपस्या परिहार के नेतृत्व में एसीईओ चंद्रसेन सिंह प्रवासी मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित करने दिल्ली पहुंचे। उन्होंने विभिन्न कार्य स्थलों पर पहुंचकर श्रमिकों को मताधिकार के महत्व को समझाया। इस दौरान श्रमिक के चेहरे पर मुस्कान थी। एसीईओ द्वारा अपने गंतव्य तक जाकर मतदान करने के लिए संकल्पित 477 श्रमिकों को हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से ट्रेन में बैठाया गया। अपने गृह ग्राम पहुंचने पर प्रवासी मतदाताओं ने कहा वोट डालने आए हैं।

# दो दिन रहेंगे बादल, आंधी चलने की आशंका



छतरपुर। मौसम में फिर से बदलाव देखने को मिल रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण बुन्देलखण्ड क्षेत्र में भी आसमान में बादल दिखाई दे रहे हैं। इस तरह का मौसम दो दिनों तक रहेगा। मंगलवार को मौसम के साफ होने के संकेत हैं। दो दिनों तक तेज हवा चलने की भी आशंका व्यक्त की जा रही है।

खजुराहो स्थित मौसम विभाग के आरएस परिहार ने बताया कि जम्मू कश्मीर क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में बदलाव आया है। बुन्देलखण्ड में भी बादलों का डेरा है। अप्रैल के इस सप्ताह में तापमान में भी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। रविवार का तापमान 40 डिग्री के करीब दर्ज किया गया। दिन में जहां तेज तपन के कारण लोगों की हालत बिगड़ रही है वहीं रात में भी लोग गर्मी से आहत हो रहे हैं। रात का तापमान 28 डिग्री पहुंच गया है। एक ओर जहां बढ़ते तापमान से लोग प्रभावित हो रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर अघोषित बिजली कटौती ने लोगों का सुकून छीन लिया है। परिस्थितियों से जूझ रहे लोगों को कहीं से भी राहत नजर नहीं आ रही। इन दिनों भले ही किसानों की फसल कट चुकी है लेकिन तापमान के बदलने और तेज गर्म हवा के थपेड़े लगने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। मई में तापमान के 45 से 50 डिग्री तक पहुंचने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही हैं।

# टॉयलेट क्लीनर पीने से पिता पुत्र की हालत गम्भीर



**बड़ामलहरा। थाना क्षेत्र के ग्राम गरखुवां में पिता पुत्र की उस वक्त हालत बिगड़ गई जब उन्होंने टॉयलेट क्लीनर पी लिया। टॉयलेट क्लीनर पीने की वजह क्या है यह तो अभी स्पष्ट नहीं हो सका लेकिन गंभीर हालत में उन्हें बड़ा मलहरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।**

जानकारी के मुताबिक गरखुवां निवासी कल्लू विश्वकर्मा 46 वर्ष एवं उसके पुत्र महेंद्र विश्वकर्मा 19 वर्ष ने घर में रखा टॉयलेट क्लीनर पी लिया। दोनों की हालत बिगडऩे से परिजन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ामलहरा ले आए। बीएमओ डॉ केपी बामोरिया की देखरेख में उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया लेकिन हालत गंभीर होने के कारण दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पिता पुत्र ने किन कारणों से टॉयलेट क्लीनर पिया है यह तो अभी स्पष्ट नहीं हो रहा लेकिन उनकी हालत स्थिर है। पूरी तरह से पिता पुत्र के स्वस्थ होने के बाद ही वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

# टीकमगढ़ से भाजपा प्रत्याशी के लिए मुख्यमंत्री ने किया रोड शो

## सीएम डॉ. यादव का जगह-जगह हुआ आत्मीय स्वागत



**छतरपुर।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 26 अप्रैल को खजुराहो, टीकमगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों में मतदान सम्पन्न होना है। टीकमगढ़ से भाजपा प्रत्याशी निवर्तमान केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार खटीक के समर्थन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रोड शो किया। रोड शो के माध्यम से उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरने के साथ ही डॉ. खटीक के लिए वोट मांगे।

शहर के छत्रसाल चौराहे से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रोड शो प्रारंभ हुआ। मुख्य मार्गों से जाने के दौरान सीएम डॉ. यादव ने लोगों से अपील की कि वे आने वाली 26 तारीख को भाजपा प्रत्याशी डॉ. वीरेन्द्र खटीक के पक्ष में मतदान कर राष्ट्र को मजबूत करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा। कार्यकर्ता मुख्यमंत्री को पाकर बेहद उत्साहित रहे। छत्रसाल चौराहे में भाजपा विधायक ललिता यादव ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया तो वहीं पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह गुड्डू की ओर से सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गईं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि देश को दुनिया भर में मान दिलाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिर से सशक्त करना है, एक-एक सीट जिताकर प्रधानमंत्री श्री मोदी को फिर से पदान्वित करना है।

# वोटर राहगीरी प्रतियोगिता आज

**छतरपुर।** अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अपना फर्ज निभाना है वोट डालने जाना है इस थीम को ध्यान में रखते हुए वोटर राहगीरी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। सोमवार को आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार पाने वाले प्रतिभागी वोटर को फ्रिज दिया जाएगा। दूसरा पुरस्कार एलईडी टीवी और तीसरा पुरस्कार रेडियो है। जिला प्रशासन एवं नगर पालिका की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस लाइन रोड में सोमवार को वोटर राहगीरी का कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। योग, नृत्य, गिटार वादन, कैरम, लूडो, चैस जैसी खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है। शाम 5 बजे से 7 बजे तक आयोजित होने वाले वोटर राहगीरी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले व्यक्ति को फ्रिज मिलेगा, दूसरे पुरस्कार के रूप में एलईडी टीवी प्रदान की जाएगी। वहीं तीसरा पुरस्कार हासिल करने वाले को रेडियो मिलेगा। यह आयोजन अधिक से अधिक मतदान करने के लिए किया जा रहा है। लोकतंत्र के पर्व में एक-एक मत का महत्व है इसलिए सबको मतदान करना चाहिए। जिला प्रशासन ने लोगों से इस प्रतियोगिता में शामिल होने का आग्रह किया है।

# छतरपुर की सेवक ललिता यादव को हर बार मिला जनआशीर्वाद

छतरपुर

**सागर के राजा बिलेहरा में एक सामान्य परिवार में 22 अप्रैल 1962 को जन्मी ललिता यादव का नाम यहां के बडे बुजुर्गो से लेकर युवाओं और बच्चों के बीच इतना लोकप्रिय है कि उन्हें कोई अपनी बेटी की तरह दुलारता है, कोई बहन की तरह स्नेह देता है तो कोई बहू की तरह अपने परिवार का सदस्य मानता है और वही वह जन-जन की जुबान में मम्मी पुकारी जाती है। इसी कारण वे जब जब छतरपुर नगर के लोगों के पास उनका साथ और विश्वास मांगने गईं तब तब सभी ने भरपूर आशीर्वाद देकर अपनी सेवा की जिम्मेदारी सौपी है। इसी विश्वास के कारण ललिता यादव पहले नगर पालिका अध्यक्ष, फिर विधायक बनी। सरकार में राज्य मंत्री की जिम्मेदारी संभाली और भाजपा संगठन में प्रदेश उपाध्यक्ष व पदेश के नेतृत्व में रहकर ईमानदारी से दायित्वों को निर्वहन किया और फिर 2023 में छतरपुर की तीसरी बार विधायक चुनी गई। सही मायने में नगर पालिका से शुरू हुये राजनीति के इस सफर में ललिता यादव प्रदेश व देश के नेतृत्व में भरोसेमंद, कर्मठ कार्यकर्ता के रुप में उभरी हैं।**

ये सब जानते है हाल में हुये विधानसभा चुनाव में उनके सामने हालात कितने चुनौतीपूर्ण थे। एक तरफ पार्टी के लोग ही उनको हराने के लिए करोड़ों रुपए लेकर खिलाफत में लगे थे। वही दूसरी तरफ करोडों रुपये पानी की तरह बहाकर एक वर्ग विशेष के सहयोग से अराजकता और जाति का जहर घोल कर चुनाव जीतने का जतन करने वाले समस्यायें खडी करने में कोई कसर नहीं छोड रहे थे। ऐसे विपरीत हालातों में ललिता यादव जैसे ही छतरपुर के अपने परिवारजनों के बीच पहुंची तो सभी ने उन्हें पलकों पर बैठाया और एक बार जनसेवक को अपना स्नेह, सम्मान व आशीर्वाद देकर विधायक का ताज पहनाया और बता दिया कि अपने तो अपने होते हैं।

### संघर्ष से शुरू हुआ जनसेवा का सफर

सही मायने में जीवन में एक के बाद एक जटिलतायें और नई नई चुनौतियों से जूझने वाली ललिता यादव ने न खुद कभी हिम्मत हारी, न नगर के लोगों ने उन पर अपना अपनत्व व जुडाव कम होने दिया। देखा जाये तो ललिता यादव के जीवन का सफर संघर्षों से भरा रहा है। उनका बचपन अभावों में बीता, बीड़ी बनाकर पढ़ाई की और इसी दौरान उनका विवाह हो गया। शिक्षा के महत्व को समझते हुये उन्होंने एक तरफ वैवाहिक दायित्व को निभाया और दूसरी तरफ पढ़ाई भी जारी रखी। जीवन के तमाम संघर्षों से जूझते हुये ललिता यादव ने जब समाजसेवा के लिए राजनीति की राह चुनी तो पहली बार के पार्षद के चुनाव में पराजय का सामना जरुर करना पडा मगर इसके बाद हर बार नगर की जनता ने स्नेह से उन्हें विश्वास का सहारा दिया। आमजन के अपनत्व के कारण ही संघर्ष की अग्नि में तपकर ललिता यादव आज सौ फीसदी खरे सोने की तरह दमक रही हैं। यदि कहा जाये कि ललिता यादव नगर के आमजन की उम्मीद को पूरा करने वाली, विकास की पर्याय बनी हैं तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। नगर के लोगों ने ललिता यादव को पहली बार भारतीय जनता पार्टी ने उम्मीदवार के रुप में नगर पालिका छतरपुर के अध्यक्ष पद का ताज पहनाया। संघर्षशील और बेदाग छवि कायम रखते हुये उन्होंने नगर के विकास के लिए जो किया, उससे आमजन के मन में उनके प्रति विश्वास और गहरा होता चला गया। ललिता यादव ने जिस तरह से एक जनसेवक की तरह आमजन की सेवा की, उसी कारण आमजन ने उन्हें तीसरी बार विधायक चुनकर बडी जिम्मेदारी सौंप दी है। उन्हें तीन बार विधायक चुनकर आमजन ने बता दिया कि विकास, सहयोग और सेवा के लिये कोई दूसरा नहीं बल्कि ललिता यादव ही जनसेवक ही जरुरी है।

### अभावों में पली बढ़ी तो समझा आमजन का दुखदर्द।

नगर पालिका छतरपुर की अध्यक्ष बनने के बाद ललिता यादव ने आमजन की परेशानियों के निदान व विकास की चुनौती को बखूबी स्वीकार करके वो कर दिखाया जिसकी सभी को उम्मीद थी दरअसल अभावों में पली बढी ललिता यादव ने बडी आसानी से आमजन का दुखदर्द समझा और उसे दूर करने में कोई कसर नहीं छोडी। नपाध्यक्ष के उनके कार्यकाल में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी इसके बावजूद ललिता यादव ने छतरपुर की हर गली को सीसी रोड में तब्दील कर शहर में सीमेंट कंक्रीट रोड का जाल बिछा दिया। हरसंभव कोशिशें करके शहर के विकास के लिए कांग्रेस सरकार से बजट लाकर जिस तरह छतरपुर को विकास की दौड़ में आगे खड़ा किया वह बेमिसाल रहा। सरल, सहज और मिलनसार ललिता यादव का जितना जुड़ाव शहर से रहा उतना ही ग्रामीण क्षेत्र से भी। इसी कारण जब ललिता यादव लगातार दो बार विधायक चुनी गई तो उन्होंने क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोडी, जरुरमंदों, गरीबों, वंचितों और असहायों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाकर मुख्य धारा में शामिल किया। उन्होंने छतरपुर में विश्वविद्यालय खुलवाया, मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति कराके निर्माण आरंभ कराया। गांव गांव में सडकों का जाल बिछाया, स्कूलों का उन्नयन कराया। गांवों में स्कूल और समाज भवन बनवाये। सिंचाई सुविधाओं का विस्तार कराया। जिससे छतरपुर क्षेत्र विकास की दौड़ में आगे हो गया है और अब तीसरी बार विधायक चुने जाने पर क्षेत्र में 15 करोड़ रुपए के कार्य स्वीकृत कराए इसके साथ उप-स्वास्थ्य केंद्र व स्कूलों की आलीशान बिल्डिंग के सथ सीएम राइज स्कूल का छतरपुर में शुभारंभ होना बड़ी सौगातों का श्रीगणेश माना जा रहा है। छतरपुर को नगर निगम बनाने की घोषणा तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी. शर्मा द्वारा करने और इस कार्य को पूरा कराना, छतरपुर में बेहतर आवागमन को सुलभ कराना विधायक श्रीमती ललिता यादव की कार्ययोजना में है।



## खबर संक्षेप

### एसडीएम त्योंथर को मिला सीईओ जनपद का अतिरिक्त प्रभार

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश की अनुमति से जनपद पंचायत त्योंथर का मुख्य कार्यपालन अधिकारी का प्रभार एसडीएम त्योंथर संजय कुमार जैन को आगामी आदेश तक सौंपे जाने का आदेश जारी किया है।

### विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रीवा जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्र पर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से विभिन्न विभागों के 2363 शासकीय सेवकों को विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त किया है। नियुक्त किये गये विशेष पुलिस अधिकारी अपने निर्धारित गणवेश में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कार्य करेंगे।

### बड़गांव में बनाया नया उपार्जन स्थल

**कटनी।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 मे समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन कार्य में किसानों की सुविधा के मद्देनजर कलेक्टर अवि प्रसाद ने रीठी तहसील में नया उपार्जन स्थल श्याम श्री वेयर हाउस बड़गॉव और उपार्जन संस्था कृषि विपणन सहकारी समिति रीठी को बनाये जाने के संबंध मे शनिवार को आदेश जारी किया है। इसी के साथ अब जिले में चना, मसूर एवं सरसों के 4 उपार्जन स्थल हो गए है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा शनिवार को जारी आदेश के बाद अब जिले मे चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन कार्य हेतु कुल 4 संस्थाए हो गई है। ई- उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत पात्र किसानों से उपार्जन किया जायेगा। राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विभाग द्वारा समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं राई सरसों के उपार्जन हेतु नीति जारी की गई है। इसके तहत अच्छी गुणवत्ता एफ.ए.क्यू चना, मसूर एवं सरसों का समर्थन मूल्य पर 31 मई तक उपार्जन किया जायेगा। इसके लिए चना 5440 रूपये प्रति क्विंटल, मसूर 6425 रूपये प्रति क्विंटल तथा राई व सरसों 5650 रूपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों खरीदा जायेगा। गोदाम का वैध डब्ल्यू.डी .आर.ए लायसेंस वाले जो तीन गोदाम है। उनमे कटनी तहसील में उपार्जन स्थल रूचि वेयर हाउस सी.डब्ल्यू सी एवं उपार्जन संस्था प्राथमिक कृषि साख समिति चाका कैलवाराकला, विजयराघवगढ़ तहसील मे उपार्जन स्थल रिया वेयर हाउस देवराकला एवं उपार्जन संस्था प्राथमिक कृषि साख समिति अमेहटा नन्हवारा तथा ढीमरखेड़ा तहसील में उपार्जन स्थल शिवान्या वेयर हाउस एवं उपार्जन संस्था प्राथमिक कृषि साख समिति झिन्ना पिपरिया शामिल है।

### कुंए में डूबने से थम गई बालिका की सांसें

**कटनी।** बहोरीबंद थाना अंतर्गत ग्राम सुपेली में कुंए में डूबने से एक बालिका की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रैपुरा गांव निवासी खेमराज की 5 वर्षीय पुत्री सुपेली गांव अपने ननिहाल आई थी। गत दिवस व खेत में बने कुंए के पास पानी लेने गई और पैर फिसल गया जिससे वह डूब गई।

### पुस्तक मेला के आखिरी दिन रही भीड़ एक ही स्थान में मिली स्कूली सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निजी स्कूलों की मनमानी से अभिभावकों को राहत दिलाने कलेक्टर अवि प्रसाद की पहल पर सुभाष चौक के समीप साधुराम स्कूल परिसर में आयोजित पुस्तक एवं मतदाता जागरूकता मेले के अंतिम दिन शनिवार को बच्चों और उनके अभिभावकों ने रियायती दरों पर कॉपी, किताबें, यूनिफॉर्म और अन्य शैक्षणिक सामग्रियां क्रय की। मेला मे पहुंचे पालकों, अभिभावकों ने बताया कि पुस्तक मेला एवं मतदाता जागरूकता मेला आयोजित कराकर कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने नेक और पुण्य कार्य किया है। यहां बाजार की तुलना में कम कीमत में पुस्तक, स्टेशनरी, कॉपी, यूनिफार्म आदि मिल रही है। जो वाजिब मूल्य है। पी.डब्ल्यू डी कॉलोनी निवासी मथुरा नामदेव कहते है कि कलेक्टर की इस सार्थक पहल से मुझे बच्चों की पुस्तकें खरीदने मे आसानी हुई।

---

**जिले के चोरहटा थाना अंतर्गत रेलवे ट्रैक के पास मैदान में स्थानीय लोगों को एक युवक का शव दिखाई दिया**

# युवक की हत्या कर काट दिया प्राईवेट पार्ट रेलवे ट्रैक के समीप मैदान में मिली लाश

**• आरोपियों द्वारा मृतक का गुप्तांग भी काटा गया**

रीवा । जिले के चोरहटा थाना अंतर्गत रेलवे ट्रैक के पास मैदान में स्थानीय लोगों को एक युवक का शव दिखाई दिया । जिसके बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। वही स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक का गला रेत मौत के घाट उतारा गया है, युवक निर्वस्त्र हालत में मिला है, जिसका प्राइवेट पार्ट भी कटा हुआ था पुलिस द्वारा एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया था



युवक की पहचान हीरालाल कोल निवासी नई बस्ती खैर थाना चोरहटा हुई है घटना स्थल पर ही एक झोपड़ी बनी हुई है ,जहां पुलिस को कुछ वस्त्र पड़े मिले है। साथ ही जिस स्थान पर लाश मिली है वहीं खून मिला है जिसके चलते माना जा रहा है कि युवक को घटनास्थल पर ही मौत के घाट उतारा गया है। वहीं स्थानीय लोगों की माने तो मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ भी हो सकता है एडिशनल एसपी अनिल सोनकर सहित थाना प्रभारी चोरहटा सहित भारी पुलिस बल की मौजूदगी में शव को पंचनामा के साथ पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल भेज गया। घटना का कारण अभी तक अज्ञात मौके पर धारदार चाकू भी बरामद। यह भी बताया गया है कि मृतक का गुप्तांग काटा हुआ है। वही पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है

**इनका कहना है**

चोरहटा थाना क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के पास एक अज्ञात युवक का शव मिला था मृतक का शव पूरी तरह निर्वस्त्र मिला है। आरोपियों द्वारा मृतक का गुप्तांग भी काटा गया है। दो-तीन घंटे बाद मृतक पहचान हो पाई। संदेह में कुछ लोगों को पुलिस थाने ले जाकर पूछताछ कर रही है। जल्द पूरे हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा ।

**अनिल सोनकर एडिशनल एसपी रीवा**

---

## संविधान बदलने वाली भाजपा को वोट की चोट से सबक सिखायें: ए.आई.एफ.बी.



रीवा

21 अप्रेल। ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लाक मध्य प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता नागेन्द्र सिंह कल्चुरी, अनुसूचित जाति मंच के प्रदेशाध्यक्ष मोतीलाल साकेत, अनुसूचित जनजाति मंच के जिलाध्यक्ष राजकुमार कोल ने सेमरिया विधानसभा के ग्राम किटवरिया, अमवा, हिनौता, शाहपुर, चन्द्रपुर, पटना, रहट, चौरा, बहुरीबांध आदि ग्रामों में मतदाताओं के बीच सघन जनसंपर्क कर इंडिया गठबन्धन की समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती नीलम मिश्रा को जिताने की पुरजोर अपील की। इस अवसर अनुसूचित जाति मंच के प्रदेशाध्यक्ष मोतीलाल साकेत ने दलित मतदाताओं से कहा कि भाजपा और आर.एस.एस. बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के संविधान को स्वीकार नहीं करते, भाजपा के नेता कई रैलियों में कह चुके है कि 400 पार कर संविधान को बदलना है यदि संविधान बचाना है तो नीलम वहन को जिताकर दिल्ली भेजना होगा, वहीं अजजा मंच के जिलाध्यक्ष राजकुमार कोल ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा जी इसी सेमरिया क्षेत्र के मूल निवासी है लेकिन आज तक आदिवासियों के सुख दुख में कभी खड़े नहीं हुए बल्कि उनके नेता कार्यकर्ता सदैव आदिवासी समाज को नीचा दिखाने का प्रयास किये है। ए.आई.एफ.बी.नेताओं ने कहा कि संविधान बदलने वाली भाजपा को वोट की चोट से सबक सिखाया जा सकता है।

---

## मतदाता जागरूकता के लिए संगीत संध्या का हुआ आयोजन



**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गत शाम शहर के विवेकानंद पार्क में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। संगीत संध्या में जबलपुर के कलाकार दिव्यांश मेहता एवं उनके ग्रुप द्वारा अपने गीतों के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर लोकसभा निर्वाचन के बारे क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी तथा विजेताओं को विशेष ईनामी कूपन प्रदान किये गये। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त पुलिस प्रेक्षक श्री योगेश कुमार गुप्ता तथा व्यय प्रेक्षक श्री अखिलेन्द्र प्रताप यादव, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे, सहायक कलेक्टर सोनाली देव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, सहायक आयुक्त नगर निगम रूपाली द्विवेदी, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास आशीष द्विवेदी सहित अधिकारी, कर्मचारी तथा शहर के गणमान्य जन तथा बड़ी संख्या में युवा मतदाता उपस्थित रहे।

## मतदान दिवस पर सवैतनिक अवकाश घोषित



**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिये मतदान 26 अप्रैल 2024 शुक्रवार को संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135बी के प्रावधानों एवं मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, की अधिसूचना के अनुक्रम में रीवा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले समस्त विधानसभा क्षेत्रों में स्थापित व्यवसायिक, ट्रेड, औद्योगिक संस्थानों, दुकानों, वाणिज्यिक स्थापनाओं अथवा अन्य स्थापना में कार्यरत समस्त शासकीय एवं अशासकीय कर्मचारियों के लिये लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सुविधाजनक एवं निर्वाध रूप से मताधिकार का उपयोग करने के लिये 26 अप्रैल को सवैतनिक सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

---

**सेक्टर आफीसर पूरी गंभीरता एवं निष्पक्षता से सम्पन्न कराएं निर्वाचन कार्य**

## जिला निर्वाचन अधिकारी सेक्टर आफीसर को दिया गया प्रशिक्षण





रीवा। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र में मतदान 26 अप्रैल को होगा। जिले में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष निर्वाचन के उद्देश्य से सेक्टर आफीसरों की नियुक्ति की गयी है। कलेक्ट्रेट के मोहनसभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि सेक्टर आफीसर पूरी गंभीरता एवं निष्पक्षता से निर्वाचन कार्य संपन्न करायें। सेक्टर आफीसर निर्वाचन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। अपने सेक्टर में उसे पूरे वैधानिक अधिकार प्रदान किए गये हैं। सेक्टर के सभी मतदान केन्द्रों में सुचारू मतदान की व्यवस्था में समन्वय की पूरी जिम्मेदारी सेक्टर आफीसर की होगी। सभी सेक्टर आफीसर पूरी निष्पक्षता से निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराएं।

सेक्टर आफीसर मतदान को सुचारू सम्पन्न कराने के साथ मतदान केन्द्र की व्यवस्था के लिए भी पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। मतदाता की पहचान सुनिश्चित होने पर ही उसे मत देने का अधिकार मिलेगा। निर्वाचन आयोग के पहचान पत्र सहित निर्धारित 12 में से कोई एक अभिलेख होने पर ही मतदान का अवसर मिलेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सेक्टर आफीसर सभी मतदान केन्द्र में किसी कारणवश ईव्हीएम में हुए माकपोल का सीआरसीटी अनिवार्यतः करवायें तथा यदि किसी मतदान केन्द्र में ईव्हीएम को बदला जाय तो उसकी जानकारी संबंधित एआरओ को दें। उन्होंने कहा कि मतदान समाप्ति के उपरांत सेक्टर आफीसर के पास जो ईव्हीएम हो उसे वह सीधे ईव्हीएम वेयरहाउस में जाकर जमा करायें। उन्होंने कहा कि सेक्टर आफीसर अपने सेक्टर के सभी मतदान केन्द्रों का आगामी दो दिनों में भ्रमण कर वहां की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त करायें। मतदान केन्द्र एवं उसके परिसर में विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए पानी, छाया सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें। उन्होंने अपेक्षा की कि पूरी लगन व निष्पक्षता से वाधा रहित निर्वाचन संपन्न होगा। सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण देते हुए मास्टर ट्रेनर ने कहा कि सेक्टर आफीसर मतदान की प्रक्रिया, इलेक्ट्रानिक मशीन के संचालन, चुनाव प्रबंधन, निर्वाचन की आदर्श आचरण संहिता तथा निर्वाचन आयोग के निर्देशों का बारीकी से गहन अध्ययन करें। चुनाव से जुड़ी हर तरह की जानकारी होने पर ही सेक्टर आफीसर अपना कार्य कर सकेंगे। मतदान सामग्री के वितरण, मतदान की तैयारी, मतदान की प्रक्रिया तथा मशीनों की सीलिंग पर विशेष ध्यान दें। मतदान माकपोल के बाद ही शुरू होगा। इसका प्रमाण पत्र मतदान शुरू होने के तत्काल बाद सेक्टर आफीसर को निर्वाचन कार्यालय को प्रस्तुत करना है। ग्राम स्तरीय कर्मचारियों से लेकर एसडीएम, तहसीलदार तथा निर्वाचन से जुडी अधिकारियों के मोबाईल नम्बर उपलब्ध दिए गए हैं। अपने सेक्टर के अधिकारियों से नियमित सम्पर्क में रहें।

मास्टर ट्रेनर ने सेक्टर अधिकारियों को मतदान दिवस के कार्य, कानून और व्यवस्था बनाए रखने, मतपत्र लेखा तैयार करने, पीठासीन की डायरी तथा 16 बिन्दुओं क प्रपत्र को भरने की जानकारी दी। प्रशिक्षण में मतदाता सूची, अमिट निशान लगाने, चैलेन्ज वोट, प्राक्सी वोट का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर वोटिंग मशीन का हैण्डऑन प्रशिक्षण भी दिया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने सेक्टर आफीसर के लिए मतदान सामग्री वितरण स्थल में की गयी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे, नोडल अधिकारी प्रशिक्षण डॉ. अमरजीत सिंह, एमपी पाठक, आशीष दुबे, सहित सभी सेक्टर आफीसर उपस्थित रहे।

---

**मालवाहक वाहनों में श्रमिकों एवं मजदूरों को ले जाने के मामले में मनमानी**

# जिम्मेदारों की अनदेखी एवं चालकों की मनमानी से जोखिम का सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा




नियमों को दरकिनार कर मालवाहक वाहनों में ओवरलोड सवारियां ढोई जा रही हैं। परिवहन व्यवस्था के नाम पर मजदूरों और गरीबों के जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र में लोडिंग वाहनों के माध्यम से एक स्थान से दूसरे स्थान में मजदूरी कराने मजदूरों को भेड़ बकरियों की तरह ढोया जा रहा है। कई बार ओवरलोडिंग के चलते हादसे भी हो चुके हैं जिसमें मजदूरों की जाने भी जा चुकी है बावजूद इसके जिम्मेदार अमला इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है जिससे मनमानी चल रही है।

गौरतलब है कि लोडर वाहन में मजदूरों को भरकर ले जाने के नजारे आसानी से देखे जा सकते हैं। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में लोडर वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर हादसों को न्यौता दिया जा रहा है। कई बार तो ओवरलोडेड वाहन थाने के सामने से गुजर जाते हैं। इसके बाद भी पुलिस के आला अधिकारी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इन ओवर लोड वाहनों पर न तो परिवहन विभाग के ओर से कोई कार्रवाई की जा रही है और न ही पुलिस प्रशासन इसकी ओर कोई ध्यान दे रहा है।

वैवाहिक सीजन में भी गरीब तबके के लोग ट्रेक्टरों व पिकअप वाहनों के माध्यम से सफर करते हैं। कुछ क्षेत्रों में बसों का संचालन नहीं होने और बसों के अधिक खर्च से बचने के लिए से लोग लोडर वाहनों में सफर करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। दूसरी ओर श्रमिक वर्ग के लोग इस तरह का जोखिम भरा सफर करने को मजबूर हैं। ठेकेदारों द्वारा मजदूरी कराने के लिए मजदूरों को भेड़ बकरियों की तरह लोडिंग वाहनों में ले जाते हैं। कई बार दुर्घटना हो जाने के बाद पुलिस लीपापोती में जुट जाती है , वहीं आला अफसर जांच का आश्वासन देकर जिम्मेदारियों से इतिश्री कर कर लेते हैं। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूर वर्ग अक्सर मालवाहकों में ठूंस ठूंसकर सफर तय करते देखे जा सकते हैं।

गरीब वर्ग के लोगों को पैसा और पर्याप्त यातायात सुविधा न होने के चलते उन्हें मालवाहक वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। ग्रामीण अंचलों में नजारे को देखकर लोगों के होश उड़ जाते हैं जब ठूंस-ठूंस कर सवारियों को भरा जाता है। मोटर व्हीकल एक्ट में साफ तौर पर मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोने पर पाबंदी है। हादसे होने की स्थिति में अपनी जान गंवाने वाले तथा घायल होने वाले लोगों को मुआवजे का भी प्रावधान नहीं है। वाहनों की बीमा पॉलिसी में भी सवारियां ढोने पर किसी प्रकार का क्लेम न देने का उल्लेख होता है।

### ओवरलोडिंग से हो चुके हैं हादसे

आटो, ट्रेक्टर व पिकअप वाहनों में ओवरलोड सवारियां भरने पर पूर्व में कई हादसे भी हो चुके हैं।हादसों के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा सवारी और लोडिंग वाहनों में ओवरलोडिंग रोकने के लिए कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं। इससे बैखौफ होकर वाहन संचालक वाहनों में ओवरलोडिंग करते देखे जा सकते हैं। यह वाहन थानों के सामने से भी गुजरते हैं। इसके बाद भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

---



## जैविक कृषि प्रणाली का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में विद्यार्थियों को व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्राचार्या डॉ सुषमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर अरुण कुमार सिंह एवं डॉ सुमन पुरवार के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के क्रम में एकीकृत जैविक कृषि प्रणाली के अंतर्गत कृषि के साथ पशुपालन फसल उत्पादन फल उत्पादन सब्जी उत्पादन, औषधीय खेती केंचुआ खाद निर्माण, मशरूम उत्पादन ,मछली पालन ,मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन आदि से घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति एवं अतिरिक्त आय प्राप्त करने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। कृषि में फसल उत्पादन अधिकतर मौसम आधारित होने के कारण विपरीत मौसम परिस्थितियों में आशान्वित उपज प्राप्त नहीं हो पाती इससे कृषक की आय पर प्रभाव पड़ता है। जो आर्थिक व सामाजिक दृष्टिकोण से भी कृषक को प्रभावित करता है। इस हेतु यह आवश्यक हो गया है की कृषि में फसल के साथ-साथ अन्य घटकों को भी समेकित किया जाए जिससे किसान को सतत आए मिलती रहे साथ ही विभिन्न घटकों के अवशेषों को भी संसाधनों के रूप में पुनर्चक्रण किया जाए जो पर्यावरण की दृष्टि से भी लाभकारी हो का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

---

## अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। मतदान सामग्री का वितरण शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा से 25 अप्रैल को किया जाएगा। मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए विधानसभावार अधिकारियों-कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। इन अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण 22 अप्रैल को इंजीनियरिंग कालेज में होगा। प्रशिक्षण प्रभारी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि काउंटर ए में विधानसभा क्षेत्र सिरमौर, सेमरिया, देवतालाब एवं मनगवां के लिए नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक तथा त्योंथर, मऊगंज, रीवा और गुढ़ के अधिकारियों-कर्मचारियों को दोपहर 12 बजे से अपरान्ह एक बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। जबकि काउंटर बी एवं सी में सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को अपरान्ह एक बजे से दो बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## स्ट्रांग रूम की सुरक्षा एवं निगरानी के आदेश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद द्वारा लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र शहडोल की बडवारा विधानसभा के मतदान पश्चात कृषि उपज मंडी प्रांगण कटनी के स्ट्रांग रूम में जमा कराई गई ईव्हीएम एवं व्हीव्ही पीएटी मशीनों की 03 जून तक 24 घंटे सुरक्षा एवं निगरानी हेतु कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की साप्ताहिक दो- दो घंटे के अंतराल में डयूटी लगाई गई है। कृषि उपज मंडी समिति कटनी स्थित समस्त स्ट्रांग रूम की कानून व्यवस्था के प्रभारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटनी एवं नगर पुलिस अधीक्षक होंगे। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जारी आदेशानुसार प्रथम सप्ताह 20 अप्रैल से 26 अप्रैल तक नायब तहसीलदार बड़वारा सुश्री अनुराधा सिंह एवं इसरार खान की डयूटी लगाई गई है। इसी प्रकार द्वितीय सप्ताह में 27 अप्रैल से 3 मई तक नायब तहसीलदार सिलौंडी दिनेश कुमार असाटी एवं नायब तहसीलदार उमरियापान अजय मिश्रा को नियुक्त किया गया है। तृतीय सप्ताह में 4 मई से 10 मई तक नायब तहसीलदार बड़वारा सुश्री अनुराधा सिंह एवं इसरार खान को तथा चतुर्थ सप्ताह में 11 मई से 17 मई तक स्ट्रांग रूम की निगरानी हेतु नायब तहसीलदार सिलौंडी दिनेश कुमार असाटी एवं नायब तहसीलदार उमरियापान अजय मिश्रा को नियुक्त किया गया है।